चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 165 | पेज 6, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
08 दिसंबर 2024
रविवार

आज का मौसम
28 अधिकतम
16 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



Page-5



## तानाशाही का अंत..राष्ट्रपति भागे विद्रोहियों ने किया सीरिया फतह

### सड़कों पर हवाई फायरिंग कर मनाया जश्न, लोगों ने घर से निकलकर किया स्वागत

**बेरूत.एजेंसी**

आखिरकार सीरिया को विद्रोहियों ने फतह कर लिया है। उन्होंने राजधानी दमिश्क को अपने नियंत्रण में ले लिया और विक्टरी साइन बनाते हुए सड़को पर निकले। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपतिबशर अल-असद देश छोड़कर भाग गए हैं। विद्रोहियों ने देश के रक्षा मंत्रालय पर कब्जा करके पब्लिक रेडियो और टीवी बिल्डिंग को अपने नियंत्रण में ले लिया है। यह एक महत्वपूर्ण जगह है और यहां से वे नई सरकार का ऐलान कर सकते हैं। फिलहाल विद्रोही हवाई फायरिंग कर राजधानी पर जीत का जश्न मना रहे हैं।सीरिया सेना कमांडरों ने औपचारिक रूप से घोषणा कर दी है कि मुल्क में राष्ट्रपति बशर अल असद का 24 सालों का तानाशाही शासन समाप्त हो गया और सीरिया असद से आजाद हो गया। इससे पहले अपने देश में सभी तरह के प्रतिरोध को कुचलने वाले असद को अज्ञात स्थल की ओर अपने विशेष विमान से जाते देखा गया है। विद्रोहियों के राजधानी दमिश्क में प्रवेश करते ही उनके स्वागत में लोग घरों से निकलने लगे। दमिश्क के कई चौक चौराहों पर लोगों का जमावड़ा लग रहा है। वे 'आजादी', 'आजादी' के नारे लगा रहे हैं। विद्रोहियों के कमांडरों ने कहा है कि हम इस मौके का स्वागत करते हैं, अब राजनीतिक बंदियों को छोड़ा जा रहा है, उनके चेन खोले जा रहे हैं और सीरिया में अन्याय का शासन खत्म हो गया है।

**50 साल बाथ पार्टी क्रूर शासन:** आज से लगभग 50 साल पहले बशर अल-असद के पिता हाफिज अल-असद ने बड़े खूनखराबे के साथ देश की सत्ता पर कब्जा किया था। विद्रोहियों ने एक बयान में कहा, ÷बाथिस्ट शासन (असद की पार्टी) के तहत 50 वर्षों के उत्पीड़न और 13 वर्षों के अपराध, अत्याचार और विस्थापन के बाद, और सभी तरह की कब्जाकारी ताकतों का सामना करते हुए एक लंबे संघर्ष के बाद, हम उस काले युग की समाप्ति और सीरिया के लिए एक नए युग की शुरुआत का ऐलान करते हैं। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं है जब सीरिया में इस तरह का विद्रोह और तख्तापलट हुआ है। 1950-60 के दशकों में जब सीरिया में तख्तापलट हुए तो सेना ने सबसे पहले रेडियो-टीवी बिल्डिंग को अपने कब्जे में लिया और फिर नई सरकार का ऐलान किया। बताया जा रहा है कि बशर अल-असद दमिश्क छोड़कर किसी अज्ञात लोकेशन पर पहुंच गए हैं और इस बारे में कुछ भी सार्वजनिक नहीं है.



### आंतरिक संघर्ष के खतरे, अमेरिका पर नजर

सीरिया में आंतरिक संघर्ष बढ़ता ही जा रहा है और वहां विद्रोही गुट राजधानी दमिश्क में दाखिल हो गया है। इस बीच सभी की निगाहें अमेरिका पर टिकी हैं कि वह इस स्थिति में क्या कदम उठाता है। हालांकि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलान कर दिया है कि यह हमारी लड़ाई नहीं है और अमेरिका को इसमें शामिल नहीं होना चाहिए।

### 11 दिसंबर से सरकार मनाएगी जनकल्याण पर्व, महिला, युवा, किसानों पर फोकस

## रिपोर्ट कार्ड लेकर सरकार की जनता के बीच जाने की तैयारी

**भोपाल.दोपहर मेट्रो**

मप्र सरकार 11 दिसंबर से शुरू हो रहे पंद्रह दिनी जनकल्याण पर्व के बहाने आमजन तक पहुंचने की नयी कोशिश शुरू कर रही है। दरअसल इस पर्व की रूपरेखा मप्र की यादव सरकार के एक वर्ष पूरा होने के मौके को खास बनाने के लिये तैयारी की गई है। इस दौरान सभी मंत्री अपने क्षेत्रों व प्रभार के जिलों में सक्रिय रहेंगे और सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार करेंगे।

सूत्रों का कहना है कि इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव अलग अलग जिलों के दौरे करेंगे और जनकल्याण के नए कामों की शुरुआत व लोकार्पण आदि करेंगे। पर्व के माध्यम से सरकार अपने एक साल के कार्यकाल के कामकाज का लेखा-जोखा जनता के सामने पेश करेगी तथा भावी कार्यों की रूपरेखा भी पेश की जाएगी। पर्व के माध्यम से सरकार जनता की समस्याओं को सुनने के भी अफसरों को निर्देश दिये गये हैं। आज सुबह मुख्यमंत्री ने अपने निवास कार्यालय पर इसे लेकर आला अफसरों के साथ बैठक की तथा जिलों में पदस्थ मैदानी अफसरों के साथ भी चर्चा की और जनकल्याण पर्व की मूल अवधारणा के बारे में जरूरी हिदायतें दीं। इस पर्व के दौरान प्रदेश के सभी जिलों में महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीबों के कल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने जन कल्याण पर्व के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियां भी गठित की हैं। इन समितियों के अध्यक्ष संबंधित मंत्री होंगे। किसान कल्याण मंत्री एदल सिंह कंसाना किसानों से जुड़ी समिति के अध्यक्ष हैं तो नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय युवाओं से जुड़ी समिति, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल गरीब कल्याण और महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया महिलाओं से जुड़ी समिति की अध्यक्ष हैं। सीएम ने बताया कि 11 दिसंबर को भोपाल सहित सभी जिलों में गीता जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। इसके अलावा, ग्वालियर में 15 से 19 दिसंबर तक तानसेन समारोह का आयोजन किया जाएगा।




### कानून व्यवस्था की समीक्षा

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कानून व्यवस्था को लेकर भी अफसरों से चर्चा की है। इस समीक्षा बैठक में सभी एडीजी, पुलिस कमिश्नर, और कई बड़े अफसर शामिल रहे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव शाजापुर के लिए रवाना हुए हैं जहां वे करोड़ों रुपए की विकास कार्यों की सौगात देंगे।

## आपसी रंजिशः कश्मीर में दो पुलिसकर्मियों के शव मिले

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में दो पुलिसकर्मियों के शव मिले हैं। अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह उधमपुर जिले में दो पुलिसकर्मी गोली लगने से मृत पाए गए। घटना के पीछे आपसी रंजिश को कारण माना जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे जिला मुख्यालय में काली माता मंदिर के बाहर पुलिस वैन में गोलियों से छलनी पुलिसकर्मियों के शव पड़े देखे गए। उन्होंने बताया कि पुलिस दल मौके पर पहुंचा और शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्रारंभिक रिपोर्ट से पता चला है कि दोनों पुलिसकर्मियों की मौत एक-दूसरे पर गोली चलाने के बाद हुई। घटना में एके-47 राइफल का इस्तेमाल किया गया था। तीसरा पुलिस कर्मी सुरक्षित है।

## निलंबित आईएएस पूजा को 28 माह बाद जमानत



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस पूजा सिंघल को बड़ी राहत मिली है। उनको कोर्ट ने जमानत दे दी। वो अब 28 महीने तक जेल में बंद रहने के बाद रिहा हो रही हैं। सिंघल ने नए कानून के तहत हिरासत के आधार पर जेल से रिहाई की गुहार लगाई थी, जिस पर रांची पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। पूजा सिंघल की वकील ने बताया कि नए कानून के तहत उनकी जमानत हुई है.

## किसान फिर दिल्ली कूच की कोशिशों में, भारी तनाव

**नई दिल्ली. एजेंसी**

फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी और अन्य मांगों को लेकर दस महीने से धरने पर बैठे पंजाब के किसान आज एक बार फिर दिल्ली के लिए शंभू बॉर्डर से कूच की कोशिश में हैं। शनिवार को केंद्र सरकार की तरफ से बातचीत का कोई न्योता नहीं मिलने पर किसानों ने एलान किया कि 101 मरजीवड़े जत्थे के रूप में दोपहर 12 बजे रवाना होंगे। जानकारी के अनुसार किसानों के इस एलान के बाद हरियाणा में शंभू बॉर्डर पर सुरक्षा प्रबंधों को और कड़ा कर दिया गया है। घग्गर दरिया पर भी पहरेदारी बढ़ा दी गई है। घग्गर दरिया के पुल पर वाटर कैनन, ड्रोन से आंसू गैस के गोले छोड़ने के प्रबंधों के अलावा भारी पुलिस बल भी तैनात है।

## भारतीय पादरी को कार्डिनल बनाने पर मोदी हुए खुश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारतीय पादरी जॉर्ज जैकब कूवाकाड को पोप फ्रांसिस द्वारा रोमन कैथोलिक चर्च का कार्डिनल बनाने पर कहा है कि यह भारत के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि जॉर्ज कार्डिनल कूवाकाड ने ईसा मसीह के अनुयायी के रूप में मानवता की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा, यह भारत के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है! वेटिकन में आयोजित एक भव्य समारोह में 51 वर्षीय कूवाकाड को पोप फ्रांसिस द्वारा कार्डिनल के पद पर पदोन्नत किया गया है। प्रसिद्ध सेंट पीटर बेसिलिका में आयोजित इस समारोह में दुनिया भर के पादरी और गणमान्य लोगों ने भाग लिया, जिसमें विभिन्न देशों के 21 नए कार्डिनल्स को शामिल किया गया।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा आठ हफ्ते की गिरावट पर लगाम

**नई दिल्ली. एजेंसी**

बीते आठ हफ्ते की गिरावट के बाद भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में फिर से बढ़ोतरी शुरू हो गई है, इससे पहले सितंबर में 704.89 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के बाद से भंडार में गिरावट आ रही थी।अब आठ हफ्ते की गिरावट पर लगाम भी लग गई है, विदेशी मुद्रा भंडार 1.510 बिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 658.091 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। गौरतलब है कि पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार बफर घरेलू आर्थिक गतिविधियों को वैश्विक झटकों से बचाने में मदद करता है। आरबीआई के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि भारत की विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां



(एफसीए), जो विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक है, 568.852 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में स्वर्ण भंडार 66.979 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। वहीं, अनुमान बताते हैं कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अब अनुमानित आयात के लगभग एक वर्ष को कवर करने के लिए पर्याप्त है। 2023 में, भारत ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग 58 बिलियन अमेरिकी डॉलर जोड़े।

**मेट्रो एंकर**

### महज 19 रन की लीड दे सके धाकड बल्लेबाज

## इंडिया का एडिलेड में सरेंडर, 10 विकेट से हार

**एडिलेड.एजेंसी**

भारत को आज आस्ट्रेलिया में हार का सामना करना पडा। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम को 10 विकेट से हार झेलनी पड़ी। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 19 रनों का टारगेट मिला था, जिसे उसने मैच के तीसरे दिन आज पहले सेशन में आसानी से हासिल कर लिया। नाथन मैकस्वीनी 10 और उस्मान ख्वाजा 9 रन पर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ ही सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। तीसरा मुकाबला 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में खेला जाएगा, लेकिन इस टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में भी शर्मनाक प्रदर्शन किया इसके चलते भारत दूसरी पारी में 175 रन ही बना सका। टीम इस पिंक बॉल टेस्ट में अपनी पहली पारी में 180 रनों पर ढेर हो गई थी। वहीं मेजबान टीम ऑस्ट्रेलि?या अपनी पहली इनिंग्स में 337 रनों पर ऑलआउट हुई थी।



ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 157 रनों की लीड थी जो भारतीय टीम पर भारी पड़ी। दूसरी पारी में भारतीय टीम ने 12 रनों के स्कोर पर ही केएल राहुल (7) का विकेट गंवा दिया था। यशस्वी जायसवाल भी 24 रन बनाकर चलते बने। विराट कोहली भी 11 रन बनाकर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। गिल (28) के अलावा रोहित शर्मा ने भी फिर निराश किया व 6 रन बना सके। पंत ने पांच चौके की मदद से 31 गेंदों पर 28 रन बनाए मगर पैट कमिंस ने भारत को दो तगड़े झटके दिए थे।






भोपाल, दोपहर मेट्रो। मैनिट में दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ इससे 1558 स्टूडेंट को बीटेक भी बीआर्क एमटेक एमएस एबीए पद की डिग्री प्रदान की।




भोपाल, दोपहर मेट्रो। पल्स पोलियो अभियान राज्य के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए।

### कमलापार्क से मोती मस्जिद, हमीदिया से लालघाटी तक एलीवेटेड कॉरीडोर बनेगा

# 8 लेन का होगा वीआइपी रोड तीन हजार करोड़ होंगे खर्च

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

एमपीआरडीसी अब कमलापार्क से मोती मस्जिद, हमीदिया अस्पताल के सामने से लालघाटी तक एलीवेटेड कॉरीडोर की योजना बना रहा है। वीआइपी रोड आठ लेन करने के प्रोजेक्ट के केंद्रीय वेटलैंड अथॉरिटी के पास पर्यावरणीय नियमों की अवहेलना के तहत अटके होने के बाद ये रास्ता निकाला जा रहा है। वीआइपी रोड आठ लेन प्रोजेक्ट के तहत शासन से 3000 करोड़ रुपए की सैंद्धांतिक अनुमति मिली हुई है। बताया जा रहा है कि इसे ही नए कॉरीडोर को बनाने में उपयोग किया जाएगा।

## वीआइपी रोड एक्सटेंशन में ये बाधा

वीआइपी रोड नए भोपाल यानि पोलीटेक्रिक चौराहा की ओर से बैरागढ़ की ओर आवाजाही करने वालों के लिए सुगम रास्ता है। इस रोड पर अब ट्रैफिक काफी बढ़ गया है। इसके एक्सटेंशन की योजना बनाई, लेकिन बड़ा तालाब रामसर साइट वेटलैंड है। पर्यावरणीयतौर पर इसमें निर्माण



नहीं किया जा सकता। वेटलैंड रूल्स 2017 में भी कई कड़े प्रावधान है। हालांकि अनुमति के लिए केंद्रीय वेटलैंड में प्रोजेक्ट है, लेकिन कब और किस तरह की अनुमति मिलेगी, अनुमति मिलेगी या नहीं, असमंजस है। वीआइपी वाला प्रोजेक्ट तो अभी केंद्रीय वेटलैंड में है। कई तरह के प्लान तय हो रहे हैं। शासन स्तर से तय तय जल्द ही काम को बढ़ाएंगे।

## तालाब पर पहले भी प्रोजेक्ट हो चुके हैं रद्द

- श्यामला हिल्स से सीधे खानूगांव तक ब्रिज तय किया था। इसकी प्राथमिक योजना बनी थी, लेकिन बाद में प्रोजेक्ट रद्द करना पड़ा।
- पश्चिम बायपास के नाम से करीब 3000 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट तय है, लेकिन तालाब के कैचमेंट में आने से प्रोजेक्ट पर काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है।
- बोट क्लब वन विहार गेट के पास तालाब में क्रूज रेस्टोरेंट का प्रोजेक्ट तय किया, पर्यावरणीय नियमों की वजह से आपत्ति लगी, प्रोजेक्ट रद्द हो गया।
- बोट क्लब की ओर तालाब में म्यूजिकल फाउंटेन तय किया। आठ करोड़ रुपए खर्च भी किए, बाद में पूरा प्रोजेक्ट रद्द हुआ।

# मुख्यमंत्री कार्यालय से चार को हटाने के बाद एक रिटायर्ड आईएएस की नियुक्ति

### गोपाल चंद डाड को ओएसडी बनाया, लेकिन कार्यालय उज्जैन रखा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री कार्यालय से दो प्रमुख सचिव और दो राज्य सेवा के अधिकारियों को हटाने के बाद सरकार ने एक रिटायर्ड आईएएस की नियुक्ति की है। उक्त अधिकारी का नाम गोपाल चंद डाड है, जिसका कार्यालय उज्जैन रखा गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय में अब ओएसडी की संख्या बढ़कर 15 तक पहुंचने वाली है। डाट प्रमोटी आईएएस रहे हैं, उज्जैन में काम किया है। हाल में रीवा संभागायुक्त के पद से रिटायर्ड हुए थे। माना जा रहा है कि उनकी नियुक्ति सिंहस्थ को देखते हुए की है। इसके पहले भी वह सिंहस्थ के समय उज्जैन में अधिकारी रह चुके थे। उधर मुख्यमंत्री कार्यालय में ओएसडी नियुक्त रिटायर्ड आईपीएस राजेश हिंगणकर की सेवा शर्तें जारी कर दी गई हैं। उल्लेखनीय है कि सबसे पहले प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ल और राघवेंद्र सिंह को बाहर किया गया था। दोनों को विभागों में बड़ी जिम्मेदारी दी थी। इसके बाद मुख्यमंत्री कार्यालय में उप सचिव रहे ह्दयेश कुमार श्रीवास्तव को हटाकर उन्हें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में उप सचिव बनाकर भेज दिया था। वहीं प्रभारी डिप्टी कलेक्टर मनीष श्रीवास्तव विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी थे, जिन्हें प्रमुख राजस्व आयुक्त कार्यालय भोपाल में प्रभारी उपायुक्त बनाकर भेजा गया था। सूत्रों की माने तो मुख्यमंत्री कार्यालय में नए सिरे प्रशासनिक जमावट होनी है। जिसकी शुरुआत डाड की नियुक्ति के साथ ही हो गई है। चूंकि मोहन सरकार को एक वर्ष पूरा हो रहा है चार वर्ष और बाकी है। सूत्रों के मुताबिक सरकार चुनाव के पहले बड़ी योजनाओं को जमीन पर उताकर उनमें परिणाम लाना चाहती है। जिसके लिए जुझारू अधिकारियों की जरुरत है। कुछ अधिकारियों को इसी उम्मीद से मुख्यमंत्री कार्यालय में लाया गया था फिर हटा दिया गया।

## तोड़फोड़ से पहले विस्थापन की मांग की पार्षद ने


**हिरदाराम नगर.** पार्षद अशोक मारण ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर संतनगर फाटक रोड के दुकानदारों के विस्थापन की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि तोड़फोड़ से पहले दुकानें आवंटित की जानी चाहिए। मारण ने कहा है कि फाटक रोड पर व्यापारी विगत 50-60 वर्षों से कारोबार कर रहे हैं। इनके पास इस व्यवसाय के अलावा कोई ओर परिवार को पालने का साधन नहीं है।

## 19 को विधानसभा का घेराव करेंगे कर्मचारी

**भोपाल।** कर्मचारी मंच का दैनिक वेतन भोगी स्थाई कर्मी एवं श्रमिकों का 10 सूत्रीय मांगों के समर्थन में जन जागरण आंदोलन छठवें दिन की जारी रहा। कर्मचारी मंच अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि हजारों अनियमित कर्मचारी 19 दिसंबर को भोपाल के अंबेडकर जयंती मैदान तुलसी नगर में एकत्र होंगे तथा विधानसभा का घेराव करेंगे। यह कर्मचारी मुख्यमंत्री को 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे। पांडे के मुताबिक लाखों दैनिक वेतन भोगी संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिक 7 माह से संघर्ष कर रहे हैं, वेतन वृद्धि का आदेश निरस्त होने के बाद दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को हजार रुपए का प्रतिमाह नुकसान हो रहा था अब न्यायालय ने दैनिक वेतन भोगियों श्रमिकों के पक्ष में आदेश जारी करके श्रमिकों के साथ न्याय किया है,मगर सरकार अनसुनी कर रही है।

# रबी सीजन में बढ़ने लगी बिजली की खपत

### एक दिन में 3360 लाख यूनिट बिजली खपत हुई



**भोपाल. एजेंसी**

रबी सीजन में बिजली की खपत बढ़ने लगी है। शुक्रवान को प्रदेश में एक दिन में 3360 लाख यूनिट बिजली खर्च हुई। यह, इस सीजन में अब तक सर्वाधिक बिजली खपत का रिकार्ड है। पश्चिम क्षेत्र बिजली कंपनी में 1259 लाख यूनिट, पूर्व क्षेत्र में 929 लाख यूनिट और मध्य क्षेत्र बिजली कंपनी में 1070 लाख यूनिट बिजली की खपत हुई। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में भी 102 लाख यूनिट बिजली का उपयोग हुआ। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और कहा कि इसमें कर्मचारियों ने बड़ी भूमिका निभाई।

### रबी सीजन में अभी और बढ़ेगी खपतं

आमतौर पर रबी सीजन में बिजली की मांग बढ़ जाती है, क्योंकि गेहूं की बुवाई से लेकर सिंचाई में ज्यादा बिजली उपयोग होती है। इन दिनों उद्योग धंधों में भी बिजली की उपयोगी बाकी के सीजन की तुलना में अधिक रहती है, क्योंकि यह वित्तीय वर्ष समाप्ति के पहले का समय होता है, जिसमें उद्योग धंधों में काम सर्वोच्च उंचाई पर होता है। आने वाले दिनों में यह खपत और बढ़ सकती है।

# संचालक लोक अभियोजन ने किया कार्यभार ग्रहण

**भोपाल. एजेंसी**

जिला न्यायाधीश बीएल प्रजापति ने संचालक लोक अभियोजन . का पदभार ग्रहण किया। प्रथम महिला संचालिका सुषमा सिंह के सेवानिवृत्ति के बाद संचालक लोक अभियोजन का पद रिक्त था। उच्च न्यायालय के अनुमोदन से जिला न्यायाधीश बी.एल. प्रजापति को संचालक लोक अभियोजन के पद पर नियुक्त किया गया है। पदग्रहण करने के अवसर पर संयुक्त संचालक रामेश्वर प्रसाद कुमरे, राजेन्द्र उपाध्याय, प्रभारी उपसंचालक भोपाल, सहायक संचालक शैलेन्द्र सिरौठिया एवं संचालनालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे और संचालक को बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित की। नवीन संचालक लोक अभियोजन बीएल प्रजापित ने अपने पदभार ग्रहण करने के अवसर पर कहा कि अभियोजन विभाग में मूलभूत सुविधाओं का अभाव सबसे बडी चुनौती है तथा न्यायालय में लंबित प्रकरणों की त्वरित निराकरण में न्यायालय का सहयोग करना अभियोजन अधिकारियों का प्रमुख कर्तव्य है। हमारी प्राथमिकता शासन के मामलों में समुचित पैरवी,पीड़ित को समय पर न्याय दिलाना, शासन के समन्वय से अभियोजन अधिकारियों को उचित ब सारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है, महिला अपराधों विशेषकर बालकों के विरूद्ध होने वाले अपराधों में पूरी सजकता एवं संवेदनशीलता के साथ अभियोजन का संचालन, दोषसिद्धि के प्रतिशत में वृद्धि करने के लिये अभियोजन हमेशा सशक्त होके कार्य कर रहा है।

# दरगाह पर हाई मास्क लाइट का बटन दबाकर लोकार्पण



**हिरदाराम नगर.** वार्ड पांच में अलग-अलग स्थानों पर हाई मास्क लाइट लगाई जा रही हैं। पार्षद अशोक मारण ने टेकरी स्थित दरगाह पर बटन चालू कर हाई मास्क लाइट का शुभारंभ किया। पूरी टेकरी जगमगा उठी है। मारण ने कहा कि जहां वार्ड में एक तरफ लगातार सीमेंट कांक्रीट सड़कों का निर्माण किया जा रहा है, वहीं अब कॉलोनियों में हाई मास्क लाइटें लगाकर जा रही हैं। आगे भी निरंतर वार्ड में विकास कार्य किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, सोनू तोमर, साहिल खान, महेश गुरबानी, निजामुद्दीन, ताजुद्दीन, राजकुमार धानुक, इंसार बेग, छोटे खान उपस्थित थे।

# मैपकॉस्ट महिलाओं के लिए देगा स्टार्टअप ट्रेनिंग, 16 से कार्यक्रम

**भोपाल. एजेंसी**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मैपकॉस्ट) द्वारा महिलाओं के लिए एक चार सप्ताह का उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 16 दिसंबर से शुरू होगा और उन महिलाओं के लिए एक अनूठा अवसर है, जो अपना स्टार्टअप, स्वरोजग़ार, उद्योग, या व्यवसाय शुरू करने की इच्छुक हैं।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य महिला उद्यमियों को उद्योग स्थापना से लेकर सफल संचालन तक की आवश्यक जानकारी और कौशल प्रदान करना है। इसमें महिलाओं को व्यवसायिक योजनाएं बनाने, वित्तीय प्रबंधन, विपणन और तकनीकी पहलुओं पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विज्ञान प्रौद्योगिकी में स्नातक, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा प्राप्त महिलाएं 13 दिसंबर तक आवेदन जमा कर सकती हैं।

## समयबद्ध कार्यक्रम बनाकर सहकारी बैंकों को मजबूत करने के निर्देश

**भोपाल.** जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक में आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक मनोज पुष्प ने कहा कि सहकारिता से समृद्धि के मंत्र को साकार करने की दिशा में नीति-निर्देशों का पालन करते हुए सभी 38 जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर अपने बैंक का को मजबूत करें और व्यवसाय संवर्धन के प्रयास करें। कृषि साख आन्दोलन को इसीसे सशक्त व समृद्ध बनाया जा सकेगा। बैठक में पुष्प ने उद्देश्यों से अवगत कराया और कहा कि इस प्रकार की बैठक प्रतिमाह के प्रथम शनिवार को आयोजित होगी, जिसमें अपेक्स बैंक से समय-समय पर जारी होने वाले नीति-निर्देशों के अनुसार कार्य सम्पादन की प्रगति की समीक्षा की जायेगी।

**मेट्रो एंकर**

### सेवासदन नेत्र चिकित्सालया में हुआ आपरेशन

# 106 साल की पिराकी की जिंदगी को मिला उजाला

**हिरदाराम नगर. एजेंसी**

नरसिंहगढ़ के पास ग्राम जमुनिया जौहर निवासी 106 वर्षीय माता पिराकी बाई की एक आंख का सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में सफल ऑपरेशन किया गया । पिराकी बाई का यह ऑपरेशन ग्लॉकोमा और मोतियाबिंद विशेषज्ञ डॉ. सपना श्रीवास्तव ने किया । इस नेत्र रोगी की जब दोनों आंखों की रोशनी कमजोर होने लगी थी तब उन्हें बारी बारी से एक एक आंख का ऑपरेशन करवाने की सलाह दी गई थी, लेकिन ऑपरेशन के डर से पिराकी बाई ने इन्कार कर दिया । परिणाम स्वरूप उनकी एक आंख पूरी तरह से खराब हो गई और अब उस आंख का ऑपरेशन नहीं हो सकता है । दूसरी आंख से भी दिखना बंद



हो गया लेकिन डॉक्टर ने उस आंख का ऑपरेशन करने पर रोशनी आने की संभावना बताई । इतना सब होने के बाद भी यह माता ऑपरेशन के पक्ष में नहीं थी । तब परिवारजनों ने उन पर दबाव डाला और डॉक्टरों ने सलाह देकर उनके ऑपरेशन का डर खत्म किया, तब जाकर यह माता ऑपरेशन के लिये तैयार हुई । आज शनिवार को पट्टी खुलने से ही पिराकी बाई को दिखना शुरू हो गया और तब से वह बहुत खुश है। इस माता को उसके भतीजे शिवचरण चौधरी सेवा सदन लेकर आये थे, वे 67 वर्षीय सेवानिवृत शिक्षक हैं । उन्होंने बताया कि उनके परिवार के सभी सदस्यों ने सेवा सदन में ही अपनी आंखों का इलाज/ऑपरेशन करवाएं हैं । शिवचरण चौधरी को इस बात का दुख है कि उसकी चाची ने ऑपरेशन के डर के कारण अपनी एक आंख गवां दी । शिवचरण को सेवा सदन की सेवाओं और उपचार गुणवत्ता पर पूरा भरोसा है।

# नवयुवक सभा की छात्राओं को आत्म रक्षा का प्रशिक्षण



**हिरदाराम नगर.** नवयुवक में अखिल भारतीय विद्यार्थी शिल्पकार यशवंत राव केलकर की पुण्य तिथि मनाई गई। शिक्षण संस्था अनंदराम टी शाहानी कन्या विघालय, सिंधु माध्यमिक शाला परिसर में स्टाफ एवं विद्यार्थियों को आत्म सुरक्षा की गतिविधियां कराई गई। इस अवसर पर जुबेर कुरेशी भाग संगठन मंत्री, बब्ली शर्मा विस्तारक, अर्पित मीणा भाग संयोजक, अंजली पाटिल द्वारा आत्म सुरक्षा के ऊपर गतिविधियां कराई गई, जिसमें कक्षा 5वीं से 12वीं की छात्राओं को सेल्फ डिफेनस करने का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय की प्राचार्या ज्योति चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में नवयुवक सभा के सचिव सुरेश राजपाल, शिक्षा समिति सदस्य पुरषोतम टिलवानी, प्रधानाचार्य प्रिया धर्मदासानी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## संस्कार विद्यालय की विद्यार्थी मूल्य शिक्षण परीक्षा देंगे

**हिरदाराम नगर.** दीपमाला पागारानी संस्कार स्कूल के विद्यार्थी इस्कॉन भोपाल की तरफ से आयोजित भागवत गीता शिक्षण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। यह विद्यार्थी 26 जनवरी को होने वाली मूल्य शिक्षण परीक्षा के लिए भगवत गीता से पढ़ाई करके सम्मिलित होगें। प्रतियोगिता के लिए शिक्षण सामग्री देने के लिए इस्कॉन पुणे, महाराष्ट्र से अधिकारी राम विजयदास एवं बलराम दुलालदास आए। संस्था कि अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, कोर्डिनेटर सीमा शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक

# धरातल पर विकास का प्रयास कर रहे हैं इसमें सभी का सहयोग

**सिरोंज. दोपहर मेट्रो।**



विदिशा केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक कलेक्ट्रेट के बेतबा सभागार में आयोजित हुई। बैठक में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री एवं विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल और कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, बासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी, सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा, विदिशा विधायक मुकेश टण्डन सहित समिति के अन्य सभी सदस्यगणों के अलावा किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के संचालक अजय गुप्ता तथा एमआआरडीए सीईओ दीपक आर्य, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के अलावा केन्द्रीय एवं राज्य स्तर के विभिन्न विभागो के अधिकारी खासकर, कृषि व ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहें।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जनता की सेवा ही सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन विदिशा जिले में बेहतर ढंग से हो की अपेक्षाएं उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से व्यक्ति करते हुए कहा है कि अधिकारी गण और जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय से सब मिलकर योजनाओं का निरीक्षण करें और पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित हो का प्रयत्न करें। जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर प्रयास करेंगे तो हम विदिशा जिले को विकास की दिशा में आगे ले जाने में सक्षम और संबल होंगे। केंद्रीय मंत्री चौहान ने साथ ही साथ रोजगार के अवसरों का सृजन हो पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि हम अपने जिले की युवा पीढ़ी को कैसे अच्छा रोजगार दे सकते हैं इस दिशा में एक ठोष प्लान तैयार कर कार्य करें। महिला स्वयं सहायता समूह और लखपति दीदी के माध्यम से हमारी बहनों को सशक्तिकरण की दिशा में अग्रसर करना है इस दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। हम सब समर्पित भाव और पूरी ईमानदारी, कर्तव्य और निष्ठा से संकल्प लें कि विदिशा को आगे ले जाने तथा जनता की भलाई की दिशा में कोई भी योजना को नहीं छोड़ना नहीं है। योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन कर पात्रों तक लाभ पहुंचाना है इसके लिए अपने आप को समर्पित कर कार्यो का संपादन करें।

**फर्जीवाडा ना हो** – केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि पीएम सम्माननिधि सहित अन्य केन्द्रीय योजनाओं का लाभ सुपात्रो को मिले। इन योजनाओं के मामलो में किसी भी प्रकार का फर्जीवाडा ना हो इसके लिए ईकेवायसी प्रणाली के माध्यम से डाटा अपडेट कराया जा रहा है ताकि किसानों के बैंक खाता और आधार लिंक हो सकें ताकि भविष्य में किसी भी योजना की राशि प्राप्ति में व्यवधान ना आ पाए। चौहान ने केन्द्र की सभी योजनाओं का लाभ सुपात्रो को मिले एक भी वंचित ना रहें। उन्होंने पीएम जनमन योजना, खासकर जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को लाभांवित करने के मामलो में यदि आवश्यकता हो तो पुनः सर्वे कार्य कराए जाने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि हम सबका यही मकसद है कि गरीबो के जीवन में खुशहाली आए और हम सब इस कार्य के सूत्रधार बनें।

**अतिक्रमण हटाने के कार्यो की प्रशंसा** – चौहान ने विदिशा जिले में चरनोई भूमि को अतिक्रमण से विमुक्त कराने के लिए की जा रही पहल की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कलेक्टर के कार्यो की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

**सिरोंज विधायक शर्मा हुये शामिल** – बैठक में सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा शामिल हुये और सिरोंज में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी एवं सिरोंज लटेरी के विकास हेतु चर्चा की।

**रोजगार के सृजन** – केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि अमृत सरोवर योजना के तहत तैयार की जाने वाली संरचनाएं रोजगार क्षेत्रो के सृजन को बढाएंगी। उन्होंने इस प्रकार के स्थलो को पिकनिक के रूप में उन्नत करने का सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरो से पानी, रोजगार, गांव का सौदर्यीकरण को बढावा मिलेगा। विधायकगणो द्वारा अमृत सरोवर के जिन कार्यो में कोताही बरती गई है, मजदूरो की जगह मशीनो से कार्य कराया गया है उन सभी का परीक्षण कराकर दोषी पाए जाने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टेऊ्ट के बेतवा सभागार में आयोजित बैठक की शुरूआत में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने ऐजेण्डा बिन्दुओं पर गहन प्रकाश डालते हुए राजस्व विभाग के माध्यम से संपादित किए जा रहे कार्यो को रेखांकित किया जिसमें मुख्य रूप से पंचायती राज्य एवं कृषि मंत्रालय द्वारा संचालित राजस्व विभाग द्वारा क्रियान्वित प्रमुख योजनाओं के तहत पीएम किसान सम्मानिधि, स्वामित्व योजना, फार्मर रजिस्ट्री, पोर्टल से फार्मर आईडी बनाए जाने के कार्य, चरनोई भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराए जाने के कार्य की पृथक-पृथक विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई है।

### कई वर्षों के बाद धरमपुर को प्रशासन ने खोजा, हुआ सीमांकन

# सब्दलपुर में श्मशान घाट की जमीन को करवाया गया अतिक्रमणमुक्त

**सिरोंज. दोपहर मेट्रो।**



नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में चरणों की भूमि से लेकर शमशान घाट की जमीन को भी कई स्वार्थी लोगों ने अपने कब्जे में कर रखी है। कई सालों धरमपुर के मरघट की खोज करवाने लिए अशोक जैन खर्चा की शिकायत के बाद एसडीएम के निर्देश पर पटवारी ने धरमपुर के श्मशान घाट की खोज बीन करके सीमांकन तो कर लिया पर जिन दबंग लोगों के कब्जे में श्मशान घाट की जमीन है उनसे प्रशासन मुक्त करवा पाएगा या फिर तालाब की सीमांकन करके मामले को छोड़ दिया। इससे पहले कई अधिकारियों तथा विधायक के सामने कई बार अशोक जैन खर्च शिकायत कर चुके हैं। इस बार प्रशासन इसकी तलाश करते हुए सीमांकन भी कर दिया है। पिछले दिनों श्री जैन ने विधायक तथा एसडीएम को धरमपुर के शमशान घाट की खोजबीन कराकर सीमांकन करवाने के लिए आवेदन दिया था इस बार विधायक के निर्देशों के उपरांत एसडीएम हर्षल चौधरी ने हल्का पटवारी को निर्देशित करके शनिवार को सीमांकन करने के लिए निर्देश दिए थे। इसके बाद पटवारी ने शिकायतकर्ता अशोक जैन खर्च को मौके पर बुलाकर खोजबीन करके सीमांकन करके पंचनामा भी बनाया है। सीमांकन रिपोर्ट भी एसडीएम को पेश की जएगी इसके बाद ही पता लगेगा कितने लोगों ने मरघट की जमीन को अपने कब्जे में कर रखी है।इनसे मुक्ति करवाने के लिए प्रशासन के द्वारा धरातल पर ठोस कदम उठा जाएंगे या फिर कागजों में ही सीमांकन करके औपचारिकता का दी जाएगी। श्री खर्च ने बताया कि कई बड़े रसूखदारों ने श्मशान घाट की जमीन पर कब्जा कर रखा है। हमने प्रशासन से मांग की है कि सीमांकन बाद जिन लोगों के कब्जे में मरघट की जमीन है उन सभी पर कार्रवाई करते हुए उसको मुक्त करवाने के लिए धरातल काम हो तालाब सीमांकन ना हो सीमांकन के बाद अवैध रूप से कब्जा करने वालों पर कोई करवाई नहीं हो रही है। सब्दलपुर में भी शमशान को करवाया मुक्त - इसी तरह ग्राम संबलपुर में भी शमशान घाट की भूमि पर कई लोगों ने अबैध रूप से कब्जा कर रखा था। इसका सीमांकन करने के लिए शनिवार को मौके पर आर आई और पटवारी ने पहुंच कर सीमांकन किया और जिन-जिन लोगों के कब्जा कर लिया था उसका चिह्न भी लगा दिया कई सालों से मरघट की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था इस वजह से इसको खाली करवाने के लिए कई बार शिकायत की गई लेकिन समय पर किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। इस बार कलेक्टर के सख्त निर्देशों के बाद धरातल पर कुछ कार्रवाई तो हो रही है नहीं तो इस तरह की करवाई कई बरसों के उपरांत ही देखने को मिल रही हैं।

# जिले के अधिकारियों द्वारा उपस्थिति को लेकर शिक्षकों पर दवाब, शिक्षक की अटैक से हुई मृत्यु

**सिरोंज. दोपहर मेट्रो।**

शनिवार को चाठोली की शाला में पदस्थ किशन लाल भगत की अटैक आने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने मार्ग का मामला पंजीबद्ध करके मामले को जांच में लिया है। थाना प्रभारी संदीप सिंह पंवार ने बताया कि किशन लाल भगत अमृत 53 साल हाल निवासी टोरी मोहल्ला सिरोंज की अटैक आने मृत्यु हो गई है। मार्ग का मामला दर्ज करके जांच कर रहे हैं। यह मूल रूप से जशपुर के रहने वालें थे। यहां चाठोली स्कूल में शिक्षण कार्य करते थे। वही कुछ शिक्षको ने शिक्षा विभाग के जिले का अधिकारियों पर दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इनके प्रेशर के कारण ही इनको अटैक आया है इस वजह से ही इनकी मृत्यु हो गई है। जबकि शिक्षा विभाग के अधिकारियों के कहा कि ऐसा कोई दवाब किसी के द्वारा नहीं बनाया गया है। जिओ टेक के तहत उपस्थित हो रही है यह काम सभी के लिए समान रूप से लागू है।




## फैसला : भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के नये पदाधिकारियों का स्वागत 10 को



**इटारसी।** भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट इटारसी ने नये पदाधिकारियों को परिचय पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया और सेवा भारतीय छात्रावास धुरपन में एक सेमीनार आयोजित करने का निर्णय लिया। भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट इटारसी के नये पदाधिकारियों को उनका आई कार्ड प्रदान करके ट्रस्ट के नीले पट्टे ो उनका सम्मान किया। नगर अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा अग्रवाल ने श्रीमती शशि अग्रवाल को उपाध्यक्ष, श्रीमती कामिनी शर्मा सचिव, श्रीमती पायल कोठारी महामंत्री, श्रीमती आरती तोमर सक्रिय सदस्य के आई कार्ड प्रदान किये तथा मानव अधिकार परिवार से जुड़ने पर बधाई दी और आशा व्यक्त की कि सभी पदाधिकारी सच्ची लगन और मेहनत से कार्य करते हुए सफ़लता के नये आयाम छुएंगे। सभी पदाधिकारियों ने संगठन में विश्वास जताते हुए ट्रस्ट के प्रति निष्ठावान रहने की शपथ ली। भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट ने 10 दिसंबर 2024 मानव अधिकार के स्थापना दिवस के अवसर पर सेवाभारती कन्या छात्रावास ग्राम धुरपन में एक सेमिनार आयोजित करने का निर्णय लिया। जिसमें बच्चियों को मानव अधिकारों से संबंधित जानकारी दी जाएगी तथा उन्हें अपने अधिकारों का बोध कराया जाएगा, साथ ही अच्छे स्वास्थ्य एवं गुड टच बेड टच आदि की जानकारी दी जायेगी।

## समेरिटन्स स्कूल में आयोजित बाल मेले में बच्चों ने लगाए स्टॉल, लिया आनंद



**नर्मदापुरम।** समेरिटन्स स्कूल सांदीपनी परिसर मालाखेड़ी में शनिवार को प्री प्राइमरी विभाग द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में अभिभावकों ने तरह तरह के व्यंजन बनाकर लाए गए, जिसका लुत्फ सभी ने उठाया। प्रभारी स्वाति खम्परिया ने बताया कि कार्यक्रम बच्चों द्वारा निर्मित सजावटी सामान की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में डायरेक्टर डा आशुतोष शर्मा, प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत ने निरीक्षण किया और सराहना भी की।

### रीजनल इंडस्ट्री समिट संपन्न, नर्मदापुरम में औद्योगिक विकास निगम का कार्यालय होगा

# 32 हजार करोड़ का निवेश छह हजार को रोजगार : मुख्यमंत्री

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

रीजनल इण्डस्ट्रियल कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अगले 5 साल में राज्य सरकार का बजट दोगुना करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ हमारी व्यवस्थाओं के बलबूते पर आईटी, टूरिज्म, खनन, उर्जा सहित सभी सेक्टर में गतिविधियों के विस्तार की हर संभव कोशिश होगी। कृषकों को विद्युत के लिए आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सोलर पंप लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस प्रकार सभी क्षेत्रों को समनवित प्रयास से हमारा लक्ष्य है कि मध्यप्रदेश देश का श्रेष्ठतम राज्य बने और देश-दुनिया से निवेशक तथा उद्योग समूह हमारे प्रदेश में आकर अपनी गतिविधियों को विस्तार दे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नर्मदापुरम में उद्योग व्यापार तथा निवेश गतिविधियों को प्रोत्साहन के लिए नर्मदापुरम में म.प्र. औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) का सर्व-सुविधायुक्त कार्यालय का आरंभ किया जाएगा। हम प्रदेश के संतुलित और सामान्य विकास के लक्ष्य को लेकर चल रहे है। इसी उद्देश्य से प्रदेश में संभाग स्तर पर इंडस्ट्रीयल कॉन्क्लेव हो रहे हैं।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि नर्मदापुरम की इंडस्ट्रीयल कॉन्क्लेव में सभी सेक्टर मिला कर 31 हजार 800 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए है। एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 1200 से अधिक इकाइयों को प्रोत्साहन स्वरूप 367 करोड़ रूपए की वित्तीय सहायता राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल से प्रदेश की 82 इकाइयों का वर्चुअली भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। कुल 2585 करोड़ रुपए निवेश की इन इकाइयों से लगभग 5800 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 98 इकाइयों को 163 एकड भूमि के लिए आशय पत्र/आवंटन आदेश जारी किये। कुल 911 करोड़ के निवेश से लगने वाली इन इकाइयों से 4 हजार रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने आद्योगिक क्षेत्र माना (बुधनी) में अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री की उपस्थिती में देश की असीम पर्यटन संभावनाओं को देश-विदेश तक पहुंचाने के लिए मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग और फिक्की के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान हुआ।कई औद्योगिक इकाइयों के भूमि-पूजन और लोकार्पण संपन्न हुए

### इकाइयों को भूमि आवंटन पत्र का वितरण

मुख्यामंत्री डॉ.यादव ने मंच से ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को 60 एकड, लैंडस मील ग्रीन इंडस्ट्री प्राईवेट लिमिटेड को 70 एकड, लैंडस मील ग्रीन इंडस्ट्री प्राईवेट लिमिटेड को 18 एकड, लैंडस मील रिन्यूएबल्स प्राईवेट लिमिटेड को 30 एकड़, इंसोलेशन ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को 45 एकड़, प्रीमियम एनर्जी ग्लोबल एंड प्राइवेट लिमिटेड को 50 एकड, सात्विक सोलर इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड को 50 एकड, सनकाइन फोटो वॉल्टैडक्स0 प्राइवेट लिमिटेड को 30 एकड, रेज ग्रीन एनर्जी मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड को 38 एकड़, एलपैक्सन सोलर लिमिटेड को 30 एकड़, वीएसएनएल ग्रीन पावर प्राइवेट लिमिटेड, पैरामाउंट कम्युनिकेशन लिमिटेड, टैक्सर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, ब्लू नेवा प्राइवेट लिमिटेड, जैट वेव साल्यूउसंश प्राइवेट लिमिटेड, फ्रा डिगम अल्फार कैपेसिटर्स प्राइवेट लिमिटेड एवं ग्लेडन हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों को भूमि आवंटन पत्र का वितरण किया गया।

### अनदेखी या फिर हादसे का इंतजार

# तेन्दूखेड़ा में जल संसाधन विभाग का भवन गिरने की कगार पर

**अधिकारियों और कर्मचारियों को कई परेशानियों का करना पड़ रहा है सामना**

**दमोह, दोपहर मेट्रो**

जिले के तेंदूखेड़ा में शासकीय कर्मचारियों को रहने के लिए बनाए गए आवास देखरेख के अभाव में जर्जर होते जा रहे हैं। वैसे तो सभी विभागों के भवनों की बिल्डिंग पक्की बनी हुई है लेकिन जल संसाधन विभाग आज भी कच्चे खपरैल वाले आवास में संचालित हो रहा है। इन क्वाटरों में रहने वाले कर्मचारी कई दिक्कतों से जूझ रहे है क्योंकि आए दिन घरों में जहरीले जीव- जंतु निकलते रहते हैं। जिससे परिवार के लोग भी डरे सहमें रहते हैं। कर्मचारियों ने बताया कि पिछले 20 साल से अधिक का समय बीत गया, पर इन मकानों की मरम्मत नहीं की गई है। जिससे ये खंडहर में तब्दील होने लगे हैं। फर्श उखड़ गया है, दीवारों पर सीमेंट नहीं बचा है और छेद हो गए हैं। भवनों की पुताई भी कभी नहीं कराई जाती है। ये घर रहने के लायक नहीं बचे हैं और कभी भी गिर सकते है। जिससे बड़ा हादसा हो सकता विभाग का कार्यालय नगर में मुख्य स्थान पर बना हुआ है। जो बीच में है। यहां पर कोई भी काम नहीं हो रहा है। इस विभाग की बिल्डिंग वर्षों पुरानी है और जीर्णोद्धार का इंतजार कर रही है या फिर टूटकर नए सिरे से निर्माण कार्य होना चाहिए। छत का छप्पर कई जगह से टूट चुका है क्योंकि छप्पर में सीमेंट की सीटें लगी हुई है, जो खराब हो चुकी है। वहीं छप्पर में लगी लकड़ी सड़ गल चुकी है।





### बारिश में होती है दिक्कत

आवासों में रहने वाले कर्मियों ने बताया कि बारिश के दिनों में ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि पूरी बिल्डिंग खराब होने के चलते और सीमेंट की शीटें टूटी होने से बारिश का पानी अंदर भर जाता है। जिससे कर्मचारियों और अधिकारियों को सबसे ज्यादा परेशान होना पड़ता है। वहीं रात भर सोना और रहना मुश्किल हो जाता है। अब तो डर लगा रहता है कि कही बिल्डिंग ही न धाराशाई हो जाए।

### खिड़की-दरवाजे भी टूटे

कई क्वार्टरों में लगे दरवाजे घुनकर टूट चुके हैं। कुछ में तो दरवाजे ही नहीं है। वहीं खिड़की भी नहीं है। जिसके कारण हमेशा खतरा बना रहता है। बारिश में अंदर रखी फाइलें और रिकॉर्ड खराब हो जाते हैं। परिसर में चारों ओर कंटीली झाड़ियां ऊगी हुई है और गंदगी पसरी हुई है। जिसमें जहरीले जीव जंतु का वास है। एक माह पहले ही एक बड़ा सांप निकला था। कर्मचारियों ने बताया कि परिसर में गंदगी होने और साफ सफाई न होने के कारण यह जीव यहां अपना निवास बनाए हुए हैं। लोगों ने यहां की सफाई कराने की मांग की है।

### भवन भी जर्जर

नगर में सभी विभाग की पक्की बिल्डिंग बनकर तैयार हो चुकी है और उनका कामकाज भी पच्ने भवनों में संचालित हो रहा है लेकिन जल संसाधन विभाग आज भी क्षतिग्रस्त भवन में संचालित हो रहा। जहां पर अन्य सुविधाओं का भी अभाव बना हुआ है। जिससे सभी परेशान है। बताया गया कि तेंदूखेड़ा जल संसाधन विभाग में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा कई बार नई बिल्डिंग की मांग शासन-प्रशासन से की जा चुकी है लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। एसडीओ राहुल जैन का कहना है कि पहले भी मरम्मत के लिए प्राक्लन बनाकर दिए हैं लेकिन मरम्मत के लिए इतना पैसा नहीं आता है। जिस कारण से भवनों की मरम्मत नहीं हो पाई है। साथ ही यहां पर कोई बड़ी योजना नही चल रही है इसलिए नए भवन बनना मुश्किल है।

### राजेश पाराशर की आमलोगों के लिये वैज्ञानिक पहल

# मून के मनमोहक अवलोकन के साथ देखा विशाल बृहस्पति

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

बृहस्पति की साल में एक बार पृथ्वी के सबसे नजदीक आने वाली खगोलीय घटना की वैज्ञानिक जानकारी देने खगोलवैज्ञानिक राजेश पाराशर ने आमलोगों के लिये स्टारगेजिंग कार्यक्रम का आयोजन किया । 8 तथा 12 इंच विशाल न्यूटोनियन टेलिस्कोप की मदद से सौरमंडल के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति के विशाल रूप को उसके मून के साथ दिखाया गया ।

राजेश पाराशर ने बताया कि जुपिटर एट पेरिजी तथा जुपिटर एट अपोजीशन की खगोलीय घटना के कारण जुपिटर या बृहस्पति इस साल के लिये पृथ्वी के सबसे नजदीक आकर तेज चमक माईनस 2.8 के मैग्नीटयूड के साथ अपेक्षाकृत बड़ा दिख रहा है । इस कार्यक्रम में आमतौर पर किताबों में रिंग के साथ देखने वाले शनि ग्रह को दर्शकों ने टेलिस्कोप की माध्यम से रिंग के साथ




चमकता देखा । इसके साथ ही हंसियाकार चंद्रमा के साथ वीनस का भी अवलोकन कराया जाकर इनकी वैज्ञानिक जानकारी दी गई । सांइफार्च्यून कॉलोनी के पार्क में आयोजित इस कायक्रम में एम एस नरवरिया, कैलाश पटेल तथा गौरव मालवीय ने सहयोग किया ।

### बालिकाओं को गुड टच और बैड टच की जानकारी दी गई

**सीहोर।** सीहोर स्थित कन्या शिक्षा परिसर में विभिन्न प्रकार की हिंसा से बचाव के लिए बालिकाओं को लैंगिक अपराध संरक्षण अधिनियम 2012 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। मंडी थाना प्रभारी श्रीमती माया सिंह द्वारा बालिकाओं को घरेलू हिंसा से बचाव के उपाय के साथ ही गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही हिंसा की शिकायत के लिए बालिकाओं को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर शिकायत करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती प्रमिला राही पांडे, पुलिसकर्मी, शिक्षकगण एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।

## दोनों ग्राम की कर्क रेखा के स्थानों पर लगाए गए वोर्ड पेंट से सड़क पर किया गया चिन्हित

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

जिले के तेंदूखेड़ा के पास के दो ग्रामो में भारतीय सर्वेक्षण विभाग जबलपुर की टीम के द्वारा दो दिन के सर्वेक्षण के बाद कर्क रेखा को चिन्हित किया था। लेकिन अब पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ बीपी खरे ने अपनी टीम को ले जाकर कर्क रेखा का वोर्ड लगा दिए गए है एवं सडक पर लाईने डालकर चिन्हित कर दिया गया है। अब




तेंदूखेड़ा से रहली सागर जाने बाले लोगो को मेन सडक पर बगदरी ग्राम के पास कर्क रेखा का वोर्ड दूर से दिखेगा एसे ही तेंदूखेड़ा से दमोह जाने बाले लोगो को मेन सडक पिडरई ग्राम के पास कर्क रेखा कहा से निकली है ये स्पष्ट दिखाई देगा। इसके अलावा इन दोनो जगहो पर सेल्पी प्वाईट भी बनाए जाऐगे। आने जाने बाले लोग यहां रूककर मोवाईल से सेल्फी लेकर यहां से गुजरने को यादगार बनाएगें।




### किसानों को दी फसलों की उपयोगी जानकार

**सीहोर।** सीहोर के सेवानिया स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र सीआरडीई में कृषि चौपाल का सजीव प्रसारण एवं सह कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार इन कार्यक्रमों के माध्यम से कृषको को विभिन्न फसलों की नवीन प्रजातियों की जानकारी दी जा रही है। जो कृषि अनुसंधान केन्द्रों द्वारा विकसित की गयी हैं। कार्यक्रम में बताया गया कि जिले की कृषि परिस्थिति के लिये विभिन्न फसलें मक्का, मसूर, बाजरा, बरसीम, अरहर, आम, अनार, अमरूद, टमाटर, लौकी, भिंडी, आलू, सेम, तरबूज आदि फसलों की लगभग 40 प्रजातियां किसानों के लिए उपयोगी है। कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा आगामी समय में कृषकों को सभी प्रजातियों की फसलों की जानकारी देकर इन फसलों के उपयोग एवं उत्पादन से लाभान्वित किया जाएगा।








# रॉयल लुक के साथ पाएं गर्माहट

## विंटर में वेलवेट खास...

*सर्दी में वेलवेट आउटफिट्स वाकई में अच्छा ऑप्शन हैं। इस फैब्रिक की हर तरह की ड्रेस में लग्जरी फील आता है, वहीं स्टाइलिश भी नजर आते हैं। वेलवेट का रंग और पैटर्न इसे और वर्सेटाइल बनाता है। वेलवेट कोट्स और जैकेट्स विंटर में कहीं भी किसी भी मौके पर पहन सकते हैं। ठंड से बचाव तो होगा ही साथ ही क्लासी और स्टाइलिश भी दिखेंगे...*

**फैशन टिप :** वेलवेट जैकेट को अपनी पर्सनल स्टाइल और ओकेजन के हिसाब से कस्टमाइज किया जा सकता है। इसे स्लिम फिट जीन्स, चिनो पैंट्स, स्कर्ट और कुर्ता आदि के साथ पेयर कर सकते हैं। वेलवेट जैकेट को स्वेटर या टर्टलनेक

**ब्लेजर :** ऑफिस से लेकर कैजुअल आउटिंग तक हर जगह पहना जा सकता है। इनमें आराम भी पूरा मिलता है। स्वेटर के साथ पहन सकते हैं।

**फैशन टिप :** पैंट या स्कर्ट जिसकी फिटिंग अच्छी हो, उसके साथ ब्लेजर ज्यादा अच्छा लगेगा। साथ ही आपको मिलेगा स्मार्ट और प्रोफेशनल लुक।

**गाउन :** खास अवसर या पार्टी में वेलवेट गाउन बहुत ही खूबसूरत और एलिगेंट लुक देती है।

**फैशन टिप :** गाउन पहन रही हैं, तो मेकअप हल्का रखें। साथ में स्ट्रैपी हील्स।

**स्कर्ट :** इस मौसम में वेलवेट स्कर्ट और पैंट काफी आरामदायक होते हैं साथ ही मिलता है ट्रेंडी लुक।

**फैशन टिप :** वेलवेट पैंट सिंपल टॉप्स या स्वेटर के साथ पेयर करें और स्कर्ट पहन रही हैं, तो बूट थोड़ी ऊंची हो। फॉक्स वेलवेट काफी हल्का और मुलायम होता है। वेलवेट को दूसरे फैब्रिक्स के साथ लेयर किया जा सकता है। वेलवेट के साथ लेयरिंग अच्छी लगती है। प्लेन वेलवेट ड्रेस हो या एब्रॉयडरी या फिर प्रिंटेड, सभी में लुक काफी आता है। जो पसंद हो पहनें।

### बावुमा-स्टब्स नॉटआउट लौटे; पहली पारी में श्रीलंका- 328/10

# दूसरे टेस्ट में साउथ अफ्रीका 221 रन से आगे, मार्करम की फिफ्टी

**केबेरा. एजेंसी**

साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के बीच केबेरा के सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में दूसरा टेस्ट खेला जा रहा है। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन साउथ अफ्रीका ने 221 रन की बढ़त बना ली है। स्टंप्स तक टीम का स्कोर 191/3 रहा। पहली पारी में साउथ अफ्रीका ने 358 और श्रीलंका ने 328 रन बनाए। साउथ अफ्रीका से रायन रिकेलटन और काइल वेरियन ने सेंचुरी लगाई। वहीं श्रीलंका से पाथुम निसांका ने सबसे ज्यादा 89 रन बनाए। चौथे दिन का खेल भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे से शुरू होगा। पहली पारी में 2 अफ्रीकी प्लेयर्स की सेंचुरी साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम से रिकेलटन ने 101 और वेरियन ने 105 रन बनाए। कप्तान टेम्बा बावुमा 78 रन



बनाकर आउट हुए, वहीं ऐडन मार्करम ने 20 और कगिसो रबाडा ने 23 रन बनाए। बाकी प्लेयर्स 10 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। श्रीलंका से लहिरु कुमारा ने 4 और असिथा फर्नांडो ने 3 विकेट लिए। विश्वा फर्नांडो को 2 और धनंजय डी सिल्वा को 1 विकेट मिला। साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 358 रन बनाए। श्रीलंका के टॉप ऑर्डर की मजबूत शुरुआत श्रीलंका ने पहली पारी में मजबूत शुरुआत की। दिमुथ करुणारत्ने ने 20, दिनेश चांदीमल ने 44, एंजलो मैथ्यूज ने 44 और कमिंडु मेंडिस ने 48 रन बनाकर टीम को 300 के करीब पहुंचाया। इस दौरान निसांका एक एंड पर टिके रहे, हालांकि वह सेंचुरी पूरी करने से पहले 89 रन के स्कोर पर आउट हो गए। श्रीलंका का स्कोर एक समय 268/4 था, टीम ने यहां से आखिरी 6 विकेट 60 रन बनाने में गंवा दिए। श्रीलंका 328 रन बनाकर ऑलआउट हुआ और टीम पहली पारी में 30 रन से पीछे रही। साउथ अफ्रीका से डैन पैटरसन ने 5 विकेट लिए। केशव महाराज और मार्को यानसन को 2-2 विकेट मिले, वहीं रबाडा ने 1 विकेट लिया।

### सुमित को मुख्य ड्रॉ में मिला सीधा प्रवेश, लगातार पांचवां ग्रैंड स्लेम खेलेंगे

# ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस: ग्रैंड स्लेम के एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी




**मुंबई. एजेंसी**

भारत के शीर्ष एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को साल 2025 के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में सीधा प्रवेश मिला है। वह 06 से 26 जनवरी तक मेलबर्न में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में दूसरी बार खेलने उतरेंगे। वह लगातार पांचवीं बार जबकि कुल आठवीं बार ग्रैंड स्लेम में खेलेंगे।

**98वें स्थान पर :** 27 वर्षीय सुमित नागल विश्व रैंकिंग में 98वें स्थान पर काबिज हैं। उन्होंने पिछले साल सभी चार ग्रैंड स्लेम में जगह बनाई थी। उनका ग्रैंड स्लेम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाना है। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन में चुनौती पेश करने वाले भारत के एकमात्र एकल खिलाड़ी होंगे।

## किर्गियोस की होगी दो साल के बाद वापसी

**ब्रिस्बेन.** ऑस्ट्रेलिया के स्टार खिलाड़ी निक किर्गियोस दो साल के लंबे अंतराल के बाद अपने घरेलू मैदान पर साल के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन से कोर्ट पर वापसी करेंगे। 2022 विंबलडन के उपविजेता किर्गियोस चोट के कारण दो साल तक कोर्ट से दूर रहे। उन्हें यहां मेलबर्न पार्क में होने वाले टूर्नामेंट के लिए मुख्य ड्रॉ में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले वे ब्रिस्बेन इंटरनेशनल से तैयारियां परखेंगे।

## टेनिस: जोकोविच 2009 के बाद ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में खेलेंगे

**ब्रिस्बेन. एजेंसी**

24 बार के ग्रैंड स्लेम चैंपियन सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच 15 साल के बाद ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में खेलने उतरेंगे। इसके साथ ही वे साल 2025 के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारियों का आगाज भी करेंगे। जोकोविच अब तक अपने करियर में 10 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत चुके हैं। यह टूर्नामेंट 29 दिसंबर से शुरू होगा। जोकोविच साल 2009 में अंतिम बार ब्रिस्बेन इंटरनेशल टूर्नामेंट में खेलने उतरे थे।

## जूनियर फुटबॉल: भारत ने ब्रुनेई को दी 13-0 से करारी मात

**चोनबुरी (थाइलैंड) . एजेंसी**

भारत की अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम ने बुधवार को एशियन कप क्वालीफायर में धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए ब्रुनेई को 13-0 से करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अब तुर्कमेनिस्तान और मेजबान थाइलैंड के खिलाफ खेलने के लिए उतरेगी। इससे पहले, ब्रुनेई के खिलाफ भारत की ओर से विशाल यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल दागे और हैट्रिक लगाई। पूरे मैच में भारतीय टीम का दबदबा रहा और शुरुआत से आक्रमण किया।

## सिल्वा ने जय शाह की जगह संभाला अध्यक्ष पद

**दुबई.** श्रीलंका के शम्मी सिल्वा ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। उन्होंने भारत के जय शाह का स्थान लिया है, जो हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) के अध्यक्ष बने हैं। शाह ने एसीसी अध्यक्ष के रूप में तीन कार्यकाल के बाद पद खाली कर दिया था। सिल्वा पूर्व में एसीसी की वित्त और विपणन समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, एशियाई क्रिकेट परिषद का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान है। क्रिकेट एशिया की धड़कन है और मैं सबको एकजुट रखने के लिए साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।

## वैभव और आयुष ने 10 विकेट से दिलाई जीत

**शारजाह, एजेंसी.** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद 13 साल के वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट के मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब सेमीफाइनल में भारतीय टीम का सामना शुक्रवार को श्रीलंका अंडर-19 टीम से होगा। भारतीय टीम ने बल्लेबाजी करने उतरी यूएई टीम को 137 रन पर ढेर किया। युद्धजीत ने 15 पर 3, चेतन शर्मा और राज ने दो-दो विकेट चटकाए।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## शाहरुख व सलमान खान के साथ फिल्म करना चाहते हैं आमिर खान, बोले- सही स्क्रिप्ट का इंतजार है...

अभिनेता आमिर खान ने शाहरुख खान और सलमान खान के साथ फिल्म करने को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि तीनों खान अभिनेता एक अच्छी स्क्रिप्ट का इंतजार कर रहे हैं। शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान को उनके प्रशंसक एक साथ स्क्रीन साझा करते हुए देखना चाहते हैं। आमिर खान ने अपने एक इंटरव्यू के बारे में बात की। आमिर ने दोनों अभिनेताओं के साथ लगभग छह महीने पहले एक साथ फिल्म करने के बारे में हुई बातचीत को साझा किया और कहा कि वे 'सही स्क्रिप्ट' का इंतजार कर रहे हैं। आमिर खान ने इस बारे में की बात में कहा, ठीक है, लगभग छह महीने पहले, शाहरुख, सलमान और मैं एक साथ थे और हमने इस बारे में बात की थी। वास्तव में, मैं ही वह व्यक्ति था जिसने इस मुद्दे को उठाया। मैंने शाहरुख और सलमान से कहा कि अगर हम तीनों एक साथ फिल्म नहीं करते हैं तो यह वास्तव में दुखद होगा। आमिर खान ने कहा, मुझे लगता है सलमान खान और शाहरुख खान इस प्रस्ताव को मान चुके हैं। उन्हें भी लगा कि जरूर हमें करना चाहिए। हालांकि, इसके लिए हमें एक अच्छी कहानी चाहिए। हमें एक अच्छी स्क्रिप्ट का इंतजार है, हालांकि हम तीनों भी काम करने के लिए उत्साहित हैं।

## 'रहना है तेरे दिल में' के लिए नहीं मिली पूरी फीस, व्रजेश हीरजी ने लगाए वासु पर आरोप



बॉलीवुड अभिनेता व्रजेश हीरजी ने फिल्म रहना है तेरे दिल में को लेकर कुछ खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म के लिए जितनी फीस बोली गई, उसकी आधी भी उनको नहीं मिली थी। व्रजेश हीरजी ने वाशु भगनानी की 'रहना है तेरे दिल में' में को लेकर कुछ खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि प्रोड्यूसर वासु भगनानी और गौतम वासुदेव मेनन की फिल्म के लिए उन्हें काम करने का मौका मिला। इस फिल्म में दिया मिर्जा और आर माधवन के साथ व्रजेश हीरजी को काम करने का मौका मिला था। व्रजेश ने कहा कि उन्हें फिल्म के लिए जितनी रकम बात की गई थी, उसका आधा ही उन्हें मिला है। एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में व्रजेश ने कहा, रहना है तेरे दिल में उन दिनों उतनी खास नहीं रही थी, जितनी आज उसकी चर्चा होती है। ये फिल्म शाहरुख खान की अशोका से क्लैश हुई थी। फिल्म को लेकर व्रजेश ने कहा, मुझे लगा कि यह मुझे कुछ करने के लिए प्रेरित करेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। मुझे उम्मीद थी। इसके बाद, साइरस ने तुरंत पूछा, क्या आपको भुगतान मिला? और इस पर, व्रजेश ने जवाब दिया, नहीं। मुझे 'रहना है तेरे दिल में' के लिए मेरे आधे पैसे भी नहीं मिले। यह एक दुखद बात है। अभिनेता ने कहा कि उन्होंने इसके बाद भी हिम्मत नहीं हारी क्योंकि उन्हें किसी फिल्म के लिए कुछ ज्यादा रुपये दिए गए थे। उन्होंने कहा, लेकिन कहो न प्यार है कि लिए मुझे पैसे मिले थे। इस फिल्म के लिए मुझे अपेक्षा से ज्यादा रुपये मिले। यहां कुछ लोग अच्छे और सभ्य भी हैं। वासु भगनानी फिल्म छोटे मिया बड़े मिया की रिलीज के बाद से ही परेशानियों से घिरे हैं। उन्होंने 350 करोड़ की फिल्म बनाई हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 60 करोड़ रुपये भी नहीं कमा सकी थी।

*सलमान खान के दबंग टूर का दुबई में आगाज होगा। इस टूर में कई तमन्ना भाटिया भी शामिल हैं। वह आज रात एक हिट आइटम नंबर को परफॉर्म करेंगी। जो गाना वह परफॉर्म करेंगी, वह कुछ साल पहले काफी हिट रहा है। तमन्ना भाटिया इस समय दुबई में हैं और दबंग टूर में परफॉर्म करने के लिए तैयारियां कर रही हैं। एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह डांस की तैयारियां करती दिखीं। जिस गाने पर वह डांस की रिहर्सल कर रही हैं, उस गाने पर असल में साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ ने परफॉर्म किया था। कौन सा है वह गाना जानिए। सामंथा रूथ का गाना 'ऊ अंटावा' गाने पर तमन्ना भाटिया डांस कर रही है, उस गाने का सीधा कनेक्शन अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा' से है। जी हां, यह गाना सामंथा रुथ पर फिल्माया गया 'ऊ अंटावाज' है। इसी गाने पर तमन्ना भाटिया रिहर्सल करती हुई वीडियो में नजर आ रही हैं।*




***तमन्ना की गजब अदाएं :*** *वीडियो में तमन्ना भाटिया जिस शिद्दत से 'ऊ अंटावा' गाने पर डांस कर रही हैं, उससे देखकर लगता है कि दबंग टूर में सबसे ज्यादा यही गाना पसंद किया जाएगा। तमन्ना की अदाएं इस गाने की रिहर्सल में देखकर दर्शक उन पर पूरी तरह फिदा हो सकते हैं। जब दबंग टूर में इस गाने को तमन्ना असल में परफॉर्म करेंगी तो वह दर्शकों का दिल लुट लेंगी। तमन्ना फिल्मों में एक्टिंग करने के साथ आइटम डांस भी पिछले कुछ समय से कर रही हैं। फिल्म 'स्त्री 2' में भी उन्होंने 'आज की रात' सॉन्ग पर कमाल का डांस किया था। दबंग टूर में तमन्ना भाटिया सलमान खान के साथ भी परफॉर्म करती हुई नजर आएंगी।*

### 'केदारनाथ' का वीडियो साझा कर सारा बोली-

# मैं जो कुछ हूं, इसी जगह की वजह से हूं...'

सारा अली खान ने अपने इंस्टाग्राम अकांउट पर कुछ देर पहले एक वीडियो साझा किया है। जिसमें वह अपनी डेब्यू फिल्म 'केदारनाथ' के 6 साल पूरे होने की खुशी मना रही हैं। सारा ने साल 2018 में 'केदारनाथ' फिल्म के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा था। इस फिल्म में उनके हीरो सुशांत सिहं राजपूत थे, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। इस फिल्म से सारा का गहरा जुड़ाव रहा है। साथ ही जिस जगह यह फिल्म शूट हुई थी, वह भी सारा अली खान के दिल के काफी करीब है। यही कारण है कि अपनी फिल्म 'केदारनाथ' के 6 साल पूरे होने पर उन्होंने उस खास जगह की यादों को फिर से साझा किया है। साथ ही इंस्टाग्राम वीडियो में उन्होंने उस खास जगह और फिल्म से जुड़ी कुछ बातें भी साझा की हैं। सारा अली खान इंस्टाग्राम वीडियो में अपनी फिल्म 'केदारनाथ' की शूटिंग वाली जगह पहुंचकर काफी खुश दिख रही हैं। यह जगह असल में केदारनाथ धाम है, यही पर सारा की पहली फिल्म की शूटिंग हुई थी। सारा अली खान खुद भी बाबा केदार यानी भगवान शिव की बहुत बड़ी भक्त हैं। वह वीडियो में कहती हैं कि मैं जो कुछ हूं, इसी जगह की वजह से हूं।' वह वीडियो में केदारनाथ धाम में आम लोगों के बीच घुल-मिलकर भगवान शिव के दर्शन करती हुई भी दिखीं। यह वीडियो कुछ महीनों पुराना है, लेकिन सारा ने इसे दोबारा शेयर किया है। साथ ही अपनी फिल्म 'केदारनाथ' के 6 साल पूरे होने का जिक्र भी इसमें किया है।

### हर साल जाती हैं केदारनाथ


सारा अली खान केदारनाथ धाम हर साल जाती हैं। इस जगह से उनको गहरा लगाव है। पिछले दिनों भी एक इंटरव्यू में सारा अली खान ने केदारनाथ धाम की अपनी यादें साझा की थीं। सारा पुराने इंटरव्यू में कहती हैं, मैं केदारनाथ कई बार जा चुकी हूं, उम्मीद है कि हर साल जाऊंगी। वहां आने वाले ज्यादातर लोगों ने फिल्म देखी है इसलिए वो सब मुझे जानते हैं। अगर मैं केदारनाथ के आस-पास किसी ढाबे पर बैठी हूं तो लोग मुझे पहचान लेते हैं कभी-कभी कोई यात्री मंदिर का रास्ता पूछ लेता है।

### दोस्तों को साथ लेकर जाती हैं

जब भी सारा अली खान उत्तराखंड के केदारनाथ धाम जाती हैं तो वह वहां ट्रैकिंग भी करती हैं। आम लोगों की तरह ही वह मंदिर में दर्शन करती हैं। इसके अलावा लोगों से खूब बातचीत भी करती हैं। अपने कई दोस्तों को सारा केदारनाथ धाम लेकर भी गई हैं जिसमें जाह्नवी कपूर भी शामिल हैं।

### आदित्य के साथ अगली फिल्म

सारा अली खान के करियर फ्रंट की बात करें तो वह फिल्म मेट्रो इन दिनों का हिस्सा बनी हैं। इसमें उनके साथ आदित्य रॉय कपूर होंगे। साथ ही पंकज त्रिपाठी, नीना गुप्ता, अनुपम खेर और फातिमा सना शेख जैसे कलाकार भी फिल्म में हैं।



# अपहत ऑटो चालक के हत्यारे बेसुराग, पोस्टमार्टम के बाद लाश परिजन को सौंपी

**भोपाल।** छोला मंदिर इलाके से अपहृत हुए आटो चालक संदीप प्रजापति की लाश शुक्रवार को देलाबाड़ी के पास जंगल से बरामद की गई थी। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद लाश परिजन को सौंप दी गई, जिसका उन्होंने अंतिम संस्कार कर दिया है। हालांकि संदीप का अपहरण कर हत्या करने वाले आरोपी अवेकेश का फिलहाल कोई पता नहीं चल पाया है। पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार शंकर नगर में रहने वाली संदीप प्रजापति (22) आटो चलाता था। सोमवार सुबह करीब आठ बजे वह घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। तलाश करने पर जब उसका कुछ पता नहीं चला तो रात को परिजनों ने थाने जाकर गुमशुगदी दर्ज कराई थी। अगले दिन सुबह मंगलवार को अज्ञात मोबाइल नंबर से परिजनों के पास फोन आया और संदीप के अपहरण की जानकारी देते हुए एक लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। इस पर परिजनों ने अवकेश नामक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज करवाया था। अवकेश और फोन करने वाले मोबाइल नंबर की लोकेशन नागपुर और ग्वालियर आई थी, जिसके आधार पर दो टीमों को रवाना किया गया था। इसी बीच पता चला कि संदीप को औबेदुल्लागंज की तरफ ले जाया गया था। इस सूचना के बाद पुलिस टीम ने देलाबाड़ी के जंगल से संदीप की हलाश बरामद की। उसकी पत्थर से सिर कुचलकर हत्या की गई थी। गिरफ्तारी पर होगा कारणों का खुलासा पुलिस ने बताया कि आरोपी अवकेश बिहार का हिस्ट्रीशीटर है। वह हैदराबाद की एक चोरी के मामले में फरारी काट रहा था और छोला मंदिर में रहकर ट्रक चलाता था। संदीप से उसकी दोस्ती हो गई थी। उसने संदीप की हत्या क्यों की, इसका खुलासा अवकेश की गिरफ्तारी के बाद ही हो पाएगा। हालांकि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि अवकेश किसी लड़की से शादी करना चाहता था, जबकि संदीप उसे ऐसा करने से मना कर रहा था।

# 10 साल की दिव्यांग को पुलिस ने तलाशा, व परिजनों को सौंपा

**भोपाल।** अयोध्या नगर पुलिस ने इलाके से लापता हुई 10 साल की दिव्यांग बालिका को एक घंटे के भीतर सकुशल तलाश कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घरवालों के पास बच्ची का फोटो तक नहीं था, जिसके चलते ही पुलिस की आधा दर्जन टीमों को बालिका की तलाश में लगाया गया था। थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि शनिवार सुबह एक दंपति थाने पहुंचे। उन्हों ने बताया कि उनकी दस साल की बेटी मानसिक रूप से दिव्यांग है, जो बगैर बताए कहीं चली गई है। बच्ची का कोई फोटो भी उनके पास नहीं है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की 6 टीमें बनाकर बालिका की तलाश में लगाया गया। पुलिस टीमों ने थाना क्षेत्र में कलारी, काकडा केसर बस्ती, सागर केसर बस्ती, नरेला शंकरी, फेस-05, राजीव नगर, अर्जुन नगर, अयोध्या एक्सटेंशन के साथ ही दीगर थाना क्षेत्र में रत्नागिरी, सोनागिरी, इन्द्रपुरी, सतनामी नगर झुग्गी, निजामुद्दीन कॉलोनी, जेके रोड, गायत्री नगर, गोविंदपुरा इंडस्ट्रिल एरिया, डार्क स्पॉट, खदान, नाले, हथाईखेड़ा डेम, आदर्श नगर, किरन नगर, बालाजी नगर, मिनाल, अरहेडी गांव, शुक्ला क्रेसर में तलाश किया गया। इस दौरान बालिका एफ-सेक्टर में सुनसान रोड पर बस स्टाप के पास डरी सहमी मिली। पूछताछ मे ंवह अपना अपना व अपने परिवार के किसी भी सदस्य का नाम नहीं बता पा रही थी। मौके पर ही तत्काल सभी टीम के सदस्यों को बालिका के माता-पिता के साथ पहुंचने के लिए बोला गया। परिजन पहुंचे तो उन्होंने अपनी बच्ची को पहचान लिया, जिसके बाद उसे सकुशल सुपुर्द कर दिया गया।

# खेत बोने के विवाद पर युवक पर चलाई गोली

**भोपाल।** बैरसिया इलाके में शनिवार सुबह खेत पर बोवनी की बात को लेकर आधा दर्जन लोगों ने एक युवक के साथ पहले मारपीट की और जब वह भागने लगा तो पीछे से गोली चला दी। कट्टा से निकली गोली के छर्रे लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि ग्राम कढ़ैया शाह बरैसिया निवासी रामनिवास मीना (25) खेती किसानी करता है। उसने इस साल दिनेश शर्मा की जमीन बोवनी के लिए ली है। इसके पहले यह जमीन इसी गांव में रहने वाले गुलाब मीना के पास थी, जिस पर वह खेती करता था। शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे रामनिवास खेत पर बोवनी के लिए पहुंचा तो गुलाब मीना खेत लेने की बात को लेकर ऐतराज करने लगा। इसको लेकर उनके बीच विवाद हो गया तो गुलाब ने अपने साथियों हाकम मीना, हल्के मीना, विष्णु मीना, गोलू मीना और बंटी मीना के साथ मिलकर रामनिवास के साथ मारपीट कर दी।

### भाई के घर कार्यक्रम में गई थी वहां से बिना बताए घर आ गई

# ब्लेड से मां का गला काटने वाला बेटे को किया गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भीम नगर अरेरा हिल्स इलाके में शुक्रवार रात 29 साल के बेटे ने अपनी मां के गले पर ब्लेड से जानलेवा हमला कर दिया था। गंभीर हालत में मां को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत में सुधार है। आरोपी बेटे का कहना है कि मां बिना बताए कहीं भी आना-जाना करती थीं। इसी बात से परेशान होकर जान से मारने की नीयत से ब्लेड से हमला किया था। अरेरा हिल्स पुलिस ने हत्या का प्रयास का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक भीम नगर अरेरा हिल्स निवासी दीपक काले (33) पुताई का काम करता है। विगत 6 दिसंबर की सुबह वह मिसरोद काम पर गया था। उसी दिन राहुल नगर में रहने वाले दीपक काले के मामा के बेटे शिवम की हल्दी शादी का कार्यक्रम था। कार्यक्रम में दीपक की मां शांता बाई, पिता प्रकाश काले, छोटा भाई बाबू उर्फ दशरथ और पत्नी संगीता तथा बच्चे राहुल नगर गए हुए थे।




रात करीब साढ़े 8 बजे बाबू उर्फ दशरथ ने दीपक को फोन कर बताया कि मां राहुल नगर में मामा के घर नहीं हैं। दीपक काले ने अपने पड़ोसी मनोहर को कॉल कर पूछा तो उसने बताया कि तेरी मां घर के सामने बैठी हैं। उसके बाद दीपक काले मिसरोद से काम से लौटकर सीधे मामा के घर गया और कार्यक्रम में खाना खाने के बाद पत्नी संगीता व बच्चों के साथ रात करीब दस बजे भीम नगर घर लौट आया। घर आकर देखा कि मां शांता काले घर के किचिन वाले कमरे में खून से लथपथ हालत में पड़ी हैं। उनका गला किसी धारदार वस्तु से कटा था और बहुत तेज खून बह रहा था। मां के पास छोटा भाई दशरथ भी बैठा था। दशरथ के हाथ व कपड़ों में भी खून लगा था। पूछने पर दशरथ ने दीपक काले को बताया कि मैंने म मी को ब्लेड से मारा है। मैं म मी की हरकतों से बहुत परेशान हो गया हूं। म मी घर पर बिना बताए कहीं भी आना-जाना करती हैं। आज भी मामा के कार्यक्रम से बिना बताए घर आ गई थीं। पुलिस ने बताया कि दीपक काले ने गंभीर हालत में अपनी मां को अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी दशरथ काले (29) निवासी भीम नगर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

## देशी कट्टा-कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**भोपाल।** बजरिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास अवैध रूप से रखा देशी कट्टा और 2 कारतूस जब्त किए हैं। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार की शाम को मुखबिर से सूचना मिली कि हबीबिया तिराहा स्थित आटो स्टैंड के पास एक युवक कट्टा और कारतूस बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर संहेदी युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ पर उसने अपना नाम मोहम्मद अजीम (24) निवासी कल्लाशाह का अहाता जहांगीराबाद बताया। तलाशी लेने पर उसके पास 12 बोर का एक लोडेड कट्टा और जेब में रखा एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने कट्टा और दोनों कारतूस जब्त कर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# चोर बेखौफ : साइबर कार्यालय से आरक्षक की बाइक चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। पुराना सचिवालय स्थित सायबर कार्यालय के सामने पार्किंग में खड़ी एक आरक्षक की बाइक चोरी हो गई। इसी प्रकार कई अन्य इलाकों से बदमाश दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रवि कुमार महेश्वरी (34) पिपलिय बाजखां थाना सूखी सेवनिया में रहते हैं और सायबर क्राइम जिला भोपाल में आरक्षक हैं।



सुबह करीब ग्यारह बजे उन्होंने अपनी बाइक पुराना सचिवालय स्थित सायबर कार्यालय के सामने पार्किंग में खड़ी की थी। शाम करीब सात बजे देखा तो उनकी बाइक चोरी हो चुकी थी। आसपास तलाश करने के बाद भी जब बाइक नहीं मिली तो रवि ने कोहेफिजा थाने जाकर चोरी का मामला दर्ज करवाया।

इसी प्रकार साजिदा नगर करबला रोड कोहेफिजा निवासी मोहम्मद काशिफ प्रायवेट काम करते हैं। गुरुवार की रात करीब साढ़े दस बजे उन्होंने अपनी बाइक घर के सामने खड़ी की और अंदर चले गए। अगले दिन सुबह करीब छह बजे देखथा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। तलैया में रहने वाले महेंद्र राठौर एनएचडीसी गेस्ट हाउस श्यामला हिल्स में नौकरी करते हैं। उनके बेटे का एलबीएस अस्पताल में इलाज चल रहा है। गुरुवार की शाम करीब सात बजे उन्होंने अपनी बाइक यूनिक अस्पताल के सामने शाजहांनाबाद में लॉक करके खड़ी की और अस्पताल के अंदर चले गए। सुबह करीब छह बजे देखा तो बाइक चोरी हो चुकी थी।

इसी प्रकार ईदगाह हिल्ल शाहजहांनाबाद में रहने वाले अक्षय असाटी (21) जीएमसी हमीदिया से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने गुरुवार की रात अपनी बाइक किराए के मकान के सामने खड़ी की और अंदर चले गए। शुक्रवार सुबह देखा तो उनकी पल्सर बाइक चोरी हो चुकी थी। इधर अशोका गार्डन थानांतर्गत अस्सी फीट रोड स्थित ढाबे के सामने से अमित कुमार, कमला नगर स्थित माता मंदिर चौराहा दुकान के सामने से शियाशरण पटेल, प्रताप नगर अवधपुरी से हिमांशू सेन और डीबी मॉल के सामने एमपी नगर से आमिर खान के बाइक चोरी चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# किचन में फांसी के फंदे पर लटकी मिली नवविवाहिता



### छत पर थी सास, ड्यूटी गया था पति

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल। पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित आनंद नगर में एक नवविवाहिता ने शनिवार सुबह किचन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला नवविवाहिता से जुड़ा होने के कारण जांच एसीपी को सौंपी जाएगी। रविवार को मृतका के परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा।

उसके बाद शव सौंप दिया जाएगा। प्रधान आरक्षक हरिकृष्ण बैरागी ने बताया कि शिवानी मौर्य पत्नी सौरभ मौर्य (23) जेके कॉलोनी आनंद नगर में रहती थी। शिवानी की दो साल पहले ही सौरभ से शादी हुई है। दोनों मूलरूप से जौनपुर यूपी के रहने वाले है। यहां पति, सास और ननद रहती है। शनिवार को ननद और पति अपनी ड्यूटी पर चले गए थे। सास छत पर गई हुई थी। उसी दौरान सुबह करीब साढ़े दस बजे शिवानी ने किचन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सास वापस लौटी तो बहू को फंदे पर लटका देखा। पड़ोसियों की मदद से बहू को नीचे उतार कर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को बरामद कर हमीदिया अस्पताल में रखवा दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृतका के परिजन और ससुराल पक्ष के लोगों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

**मेट्रो एंकर** रास्ते में युवक को छोड़ा, तीनों हिरासत में

# अपहर्ता पुलिस की घेराबंदी देखकर भागे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार इलाके से शुक्रवार दोपहर एक युवक का अपहरण करने वाले कार सवार तीन आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इसके साथ ही वारदात में उपयोग की गई दो कारें भी जब्त की गई हैं।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पुलिस की घेराबंदी को देखते हुए अगवा किए गए युवक को उन्होंने राजगढ़ में छोड़ दिया था।

जानकारी के अनुसार कोलार रोड निवासी एक महिला ने शुक्रवार रात थाने में पति के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से उसका संपर्क राजगढ़ निवासी गोलू पुरबिया उर्फ गोविंद नामक युवक से था।

पति को जब इसका पता चला तो उसने गोलू से बातचीत करने से मना कर दिया था। उसके बाद गोलू महिला पर दबाव बना रहा था, कि अगर उससे बात नहीं की तो वह उसके पति का अपहरण कर लेगा। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे पति जैसे ही कोलार रोड स्थित एक दुकान से सेविंग बनवाकर बाहर निकला, वैसे ही कार में सवार युवकों ने उसका अपहरण कर लिया। महिला की रिपोर्ट पर कोलार पुलिस ने राजगढ़ पुलिस से संपर्क किया और अपहृत युवक तथा अपहरणकताओं की तलाश में दोनों जिलों की टीमें सक्रिय हो गई। राजगढ़ पुलिस ने बताए गए नंबर की कार को पकड़ा तो उसमें चालक मिला, जिसने बताया कि युवक को दूसरी कार में बिठाकर ले जाया गया है। शनिवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया और दोनों कारें जब्त कर ली, लेकिन अपहृत युवक नहीं मिला।



पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि जिस युवक का अपहरण किया था, उसे पुलिस की घेराबंदी देख रात में ही राजगढ़ छोड़ दिया था। हालांकि यह युवक अभी पुलिस के संपर्क में नहीं आया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# शहर में चाइनीज धागा प्रतिबंधित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

### पुलिस आयुक्त ने जारी किए आदेश

पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र ने भोपाल शहर में चाइनीज धागे के पतंगबाजी में उपयोग, विक्रय और भंडारण पर रोक लगा दी है। इसको लेकर आदेश जारी किए गए हैं।

आयुक्त का यह आदेश आगामी दो महीने तक लागू रहेगा। इस दौरान पुलिस दुकानों पर छापेमारी करेगी तथा जिस दुकान पर धागा पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आयुक्त द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि शहर में पतंगबाजी में चायना के धागे के उपयोग से पक्षियों व जन-सामान्य को हानि पहुंच रही है। कई बार इस मांझे से पतंग उड़ाते समय पक्षी इसमें उलझ कर फंस जाते हैं और घायल हो जाते हैं और कई बार तो पक्षियों की मृत्यु तक हो जाती है। इस धागे से पतंगबाजी के दौरान रोड पर चलने वाले राहगीर और दोपहिया वाहन चालक भी घायल हो जाते हैं।

इन धागों की मजबूती और उस पर चिपका कॉच का चूरा इन हादसों का कारण है। इस धागे का उपयोग पतंगबाजी में किये जाने से पशु-पक्षियों व जन-सामान्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। निकट भविष्य में आने वाले त्यौहारों पर बड़ी संख्या में पतंगबाजी की जा सकती है।

इस प्रकार खतरनाक चायनीज मांझे के उपयोग की गतिविधियों पर रोकथाम की दृष्टि से इसे प्रतिबंधित किये जाने की तत्काल आवश्यकता प्रतीत हो रही है।

अतः भोपाल नगर (मेट्रोपोलिटन) की सीमा में चायना धागे का पतंगबाजी में उपयोग करने से कानून एवं व्यवस्था तथा जन-सामान्य के स्वास्थ्य पर पडने़ वाले प्रतिकूल प्रभाव की स्थिति को रोकने, आमजन के जान-माल को आसन्न खतरा उत्पन्न होने की स्थिति को रोकने हेतु चायना धागे के पतंगबाजी में उपयोग, विक्रय एवं भण्डारण को प्रतिबंधित किया जाता है।

आयुक्त ने यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के तहत जारी किए हैं। इसका उल्लंघन करने पर धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022